प्रेस नोट

डिजिटल एजुकेशन - स्लम के बच्चों एवं उनके अशिक्षित माता-पिता को एक अनोखा उपहार

ब्रह्माकुमारीज अहमदाबाद नवरंगपुरा द्वारा पिछले डेढ़ वर्ष से भगत की चाली (Slum) को दिव्य नगरी में परिवर्तन करने का प्रोजेक्ट शुरू किया है जो सफलतापूर्वक चल रहा है. दिव्य नगरी के द्वितीय शैक्षणिक वर्ष में प्रवेश एवं नवरंगपुरा सेंटर के 27वें वार्षिकोत्सव के निमित्त रविवार 31-7-2016 शाम को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें आदरणीय बी.के.चन्द्रिका बहन जी, नवरंगपुरा एरिया के 3 कार्पोरेटर्स, मधुबन से पधारे दिव्य नगरी स्लम सेवा प्रोजेक्ट के मुख्य प्रोमोटर बी.के. सीए. ललितभाई, समाजसेवी, अन्य गणमान्य नागरिक, कच्ची बस्ती के 200 से अधिक बच्चे एवं उनके माता-पिता ने भाग लिया.

बच्चों ने बाबा की याद के गीत गाकर, ज्ञान के गीतों पर नृत्य करके सबका मन मोह लिया. वार्षिकोत्सव के निमित्त केक काटी गई. बच्चों एवं उनके माता-पिता ने अपने अनुभवों में बताया कि ब्रह्माकुमारीज की इस दिव्य नगरी सेवा से हमारे बच्चों में एवं हमारे में बहुत सकारात्मक परिवर्तन आया है. हमारी जिन्दगी बदल रही है.

आये हुए महेमानों ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए ब्रह्माकुमारीज को इस विशेष सेवा के लिए बधाइयां दी.

इस प्रोजेक्ट की चीफ एग्जीक्यूटिव बी.के. ईशिता बहन ने सभी को बताया कि इस वर्ष बच्चों को डिजिटल एजुकेशन दी जाएगी. उन्हें पुस्तकों को जगह टेबलेट पर एनीमेशन फिल्म द्वारा स्कूल का कोर्स पूरा कराया जाएगा. उनके अशिक्षित माता-पिता को भी TCS कम्पनी द्वारा विकसित सॉफ्टवेर से शिक्षित किया जाएगा. साथ में इन सभी को राजयोग का कोर्स एवं अभ्यास भी कराया जा रहा है.

10 बेरोजगार युवाओं को वडोदरा में L & T कम्पनी में 6 सप्ताह की नि:शुल्क इलेक्ट्रीशियन की ट्रेनिंग के लिए भी भेजा रहा है.

अंत में सभी बच्चों को स्कूल बैग, फुल स्केप नोटबुक, स्टेशनरी किट, रूमाल, नमकीन-मीठी टोली आदि सौगात दी गई.